# इंटर्नशिप : 39 कंपनियों ने मांगे दस हजार अभ्यर्थी

## 40 प्रतिशत महिलाएं चयनित, अब-तक दो लाख ने कराया रजिस्ट्रेशन

**सीएम प्रतिज्ञा योजना**

### 50% युवा बिना पूर्ण जानकारी कर रहे रजिस्ट्रेशन

विभागीय पदाधिकारी बताते हैं कि इस योजना में दो लाख युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें करीब 50 फीसदी युवा ऐसे हैं, जिन्होंने बिना इस योजना की पूर्ण जानकारी के अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। इन्हें यह नहीं मालूम कि यह योजना इंटर्नशिप के लिए है। पूछताछ में वे बताते हैं कि उन्हें किसी कंपनी में इंटर्नशिप नहीं करना है। ऐसे युवाओं को बताया जा रहा है कि यह योजना इंटर्नशिप के लिए है, ताकि युवा अपने कौशल को बढ़ाएं। उनकी कार्यक्षमता बढ़े, जिससे वह आगे और बेहतर रोजगार कर सकें। इंटर्नशिप करने पर ही राशि मिलेगी।

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के तहत बिहार के युवाओं के लिए 39 कंपनियों ने दस हजार से अधिक वैकेंसी बतायी हैं। इन कंपनियों में युवाओं को इंटर्नशिप के लिए निरंतर भेजा जा रहा है। अब-तक 1600 युवाओं को इंटर्नशिप के लिए भेज दिया गया है। इनमें करीब 40 प्रतिशित महिलाएं चयनित हुई हैं। अन्य के इंटर्नशिप के लिए कार्रवाई जारी है।

**मार्च तक पांच हजार को मिलेगा इंटर्नशिप का लाभ :** मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजान में मार्च, 2026 तक पांच हजार युवाओं का इंटर्नशिप का लाभ देना है। इसके बाद के युवाओं को अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 में इंटर्नशिप के लिए भेजा जाएगा। अगले वित्तीय वर्ष में 20 हजार युवाओं को इंटर्नशिप कराने का लक्ष्य है। रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के पदाधिकारी बताते हैं कि अब-तक दो लाख युवाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। इनके कागजातों और योग्यता की जांच कर संबंधित कंपनी के पास इंटर्नशिप के लिए भेजा जा रहा है। इस योजना के लिए अर्हता 12वीं उत्तीर्ण, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक या स्नातकोत्तर तय की गई है। इसके लिए उम्र सीमा 18 से 25 साल रखी गयी है।

सरकार इस योजना के तहत 12वीं पास युवाओं को चार हजार, आईटीआई और डिप्लोमा डिग्रीधारियों को पांच हजार तथा स्नातक-स्नात्कोत्तर उत्तीर्ण युवाओं को छह हजार रुपये महीने इंटर्नशिप देगी। पूरी राशि राज्य सरकार खर्च करेगी। संबंधित पोर्टल पर युवाओं और कंपनियों दोनों की विस्तृत जानकारी दर्ज करायी गयी है। युवाओं के पास अपने पसंद की तीन कंपनियों का चयन करने का विकल्प है। कंपनियां भी अपनी जरूरत के हिसाब से युवाओं का चयन करती है। युवाओं का चयन गृह जिले से अलग होता है तो तीन महीने तक अतिरिक्त दो हजार रुपये मिलेंगे। वहीं, अगर राज्य के बाहर की कंपनी में चयन होता है तो अतिरिक्त पांच हजार रुपये हर माह मिलेंगे।